# संघर्ष के कराण मैं तुनुकमिज़ाज हो गया धनराज

---

Question 1.
धनराज ने कृत्रिम घास पर हॉकी कब खेली?
(a) 1985 में
(b) 1986 में
(c) 1987 में
(d) 1988 में

▼ Answer

Answer: (d) 1988 में

---

Question 2.
अपने एम्प्लॉयर से कौन-सी कार धनराज को मिली?
(a) फिएट
(b) एम्बेस्डर
(c) सेकेंड हैंड अरमाडा
(d) मारुति

▼ Answer

Answer: (c) सेकेंड हैंड अरमाडा

---

Question 3.
धनराज लोकल ट्रेन में सफर क्यों करता था?
(a) उसके पास इतने पैसे नहीं थे
(b) वह अपनी बहिन की शादी के लिए पैसे जोड रहा था
(c) उसमें टैक्सी से चलने की हैसियत नहीं थी
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---

Question 4.
'हॉकी का जादूगर' किसे कहा जाता है?
(a) धनराज को
(b) अशोक कुमार को
(c) परगट सिंह को
(d) मेजर ध्यान चंद को

▼ Answer

Answer: (d) मेजर ध्यान चंद को

---

Question 5.
धनराज को सीनियर टीम में कब लिया था?

(a) 1987 में
(b) 1985 में
(c) 1986 में
(d) 1990 में

▼ Answer

Answer: (c) 1986 में

---

Question 6.
धनराज ने पहली बार जूनियर हॉकी कब और कहाँ खेली?
(a) 1985 में मणिपुर में
(b) 1984 में मुंबई में
(c) 1983 में मणिपुर में
(d) 1885 में पंजाब में

▼ Answer

Answer: (a) 1985 में मणिपुर में

---

Question 7.
धनराज का जन्म कहाँ हुआ?
(a) मुंबई में
(b) कोलकाता में
(c) चैन्नई में
(d) पुणे में

▼ Answer

Answer: (d) पुणे में

---

Question 8.
संघर्ष के कारण मैं तुनुकमिजाज हो गया पाठ निम्न में से क्या है?
(a) जीवनी
(b) साक्षात्कार
(c) रेखाचित्र
(d) संस्मरण

▼ Answer

Answer: (b) साक्षात्कार

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए

1. बचपन मुश्किलों से भरा रहा। हम बहुत गरीब थे। मेरे दोनों बड़े भाई हॉकी खेलते थे। उन्हीं के चलते मुझे भी उसका शौक हुआ। पर, हॉकी-स्टिक खरीदने तक की हैसियत नहीं थी मेरी। इसलिए अपने साथियों की स्टिक उधार माँगकर काम चलाता था। वह मुझे तभी मिलती, जब वे खेल चुके होते थे। इसके लिए बहुत धीरज के साथ अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था। मुझे अपनी स्टीक तब मिली, जब मेरे बड़े भाई को भारतीय कैंप के लिए चुन लिया गया। उसने मुझे अपनी पुरानी स्टिक दे दी। वह नयी तो नहीं थी, लेकिन मेरे लिए बहुत कीमती थी, क्योंकि वह मेरी अपनी थी।

Question 1.
धनराज का बचपन कैसा रहा?
(a) सुखमय
(b) मुश्किलों भरा
(c) वे बचपन में बहुत मेधावी थे
(d) वैभव से परिपूर्ण

▼ Answer

Answer: (b) मुश्किलों भरा

---

Question 2.
धनराज को हॉकी का शौक कहाँ से लगा?
(a) अपने साथियों से
(b) अपने शिक्षक से
(c) अपने पिता से
(d) अपने भाइयों से

▼ Answer

Answer: (d) अपने भाइयों से

---

Question 3.
धनराज को धैर्य के साथ किसका इंतजार करना पड़ता था?
(a) हॉकी स्टिक मिलने का
(b) अपने साथियों का
(c) टीम में शमिल होने का
(d) गोल होने का

▼ Answer

Answer: (a) हॉकी स्टिक मिलने का

---

Question 4.
धनराज को पहली हॉकी-स्टिक कब मिली?
(a) अपने जन्मदिन पर
(b) अपने भाई के भारतीय कैंप में चुने जाने पर
(c) विद्यालय की टीम में चुने जाने पर
(d) अभ्यास के लिए कैंप में जाने पर

▼ Answer

Answer: (b) अपने भाई के भारतीय कैंप में चुने जाने पर

---

Question 5.
'भारतीय' शब्द में प्रत्यय बताइए।
(a) तीय
(b) इय
(c) ईय
(d) ईया

▼ Answer

Answer: (c) ईय

---

2. मेरी तुनुकमिज़ाजी के पीछे कई कारण हैं लेकिन मैं बिना लाग-लपेट वाला आदमी हूँ। मन में जो आता है, सीधे-सीधे कह डालता हूँ और बाद में कई बार पछताना भी पड़ता है। मुझसे अपना गुस्सा रोका नहीं जाता है। दूसरे लोगों को भी मुझे उकसाने में मज़ा आता है। मुझे जिंदगी में हर छोटी-बड़ी चीज के लिए जूझना पड़ा, जिससे मैं चिड़चिड़ा हो गया हूँ। साथ-ही-साथ मैं बहुत भावुक इन्सान भी हूँ। मैं किसी को तकलीफ में नहीं देख सकता। मैं अपने दोस्तों और अपने परिवार की बहुत कद्र करता हूँ। मुझे अपनी गलतियाँ के लिए माफी माँगने में कोई शर्म महसूस नहीं होती।

Question 1.
धनराज की तुनकमिज़ाजी का क्या कारण है?
(a) क्रोध पर अनियंत्रण
(b) छोटी-बड़ी चीज़ के लिए संघर्ष
(c) चिड़चिड़ापन
(d) उपर्युक्त सभी।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी।

---

Question 2.
धनराज पिल्लै के चिड़चिडे स्वभाव का कारण क्या है?
(a) किसी का प्यार न मिलना
(b) हठी स्वभाव
(c) हर चीज के लिए संघर्ष
(d) असुरक्षा की भावना

▼ Answer

Answer: (b) हठी स्वभाव

---

Question 3.
धनराज स्वभाव से कैसे व्यक्ति हैं?
(a) बिना लाग-लपेट के बोलने वाले
(b) बहुत ही भावुक
(c) चिड़चिड़े स्वभाव वाले
(d) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं

---

Question 4.
धनराज को पछताना क्यों पड़ता है?
(a) क्योंकि वे बहुत गलतियाँ करते हैं
(b) वे अपनी गलतियों को मानते हैं
(c) उनको दूसरे लोग उकसाते हैं
(d) जो मन में आता है वे उसे सीधे-सीधे कह डालते हैं

▼ Answer

Answer: (b) वे अपनी गलतियों को मानते हैं

---

Question 5.
'कद्र' का हिन्दी पर्याय होगा
(a) इज्जत
(b) सम्मान
(c) सहनशक्ति
(d) सहयोग

▼ Answer

Answer: (d) सहयोग

---

3. मेरी पहली कार एक सेकेंड हैंड अरमाडा थी, जो मुझे मेरे पहले के एम्लॉयर ने दी थी। तब तक मैं काफी नामी खिलाड़ी बन चुका था। मगर यह कोई जरूरी नहीं कि शोहरत पैसा साथ लेकर आए। मैं तब भी मुंबई की लोकल ट्रेनों और बसों में सफर करता था, क्योंकि टैक्सी में चलने की हैसियत मुझमें नहीं थी। मुझे याद है, एक बार किसी फोटोग्राफर ने एक भीड़ से भरे रेलवे स्टेशन पर मेरी तस्वीर खींचकर अगली सुबह अखबार में यह खबर छाप दी कि 'हॉकी का सितारा पिल्लै अभी भी मुंबई की लोकल ट्रेनों में सफर करता है।' उस दिन मैंने महसूस किया कि मैं एक मशहूर चेहरा बन चुका हूँ और मुझे लोकल ट्रेनों में सफर करने से बचना चाहिए। लेकिन मैं कर भी क्या सकता था? मैं जो भी थोड़ा-बहुत कमाता, उससे अपना परिवार चलाना पड़ता था। धीरे-धीरे पैसे जमा करके बहिन की शादी की और अपनी माँ के लिए हर महीने पुणे पैसा भेजना शुरू किया।

Question 1.
धनराज की पहली कार कौन-सी थी?
(a) एम्बेसडर
(b) अरमाडा
(c) होंडासिटी
(d) बी.एम. डब्ल्यु

▼ Answer

Answer: (b) अरमाडा

---

Question 2.
नामी खिलाड़ी बनने के बाद धनराज में क्या परिवर्तन आया?
(a) वह बड़ी गाड़ी में चलता था
(b) वह टैक्सी में चलता था
(c) वह लोकल परिवहन का प्रयोग करता था
(d) वह स्कूटर से चलता था

▼ Answer

Answer: (c) वह लोकल परिवहन का प्रयोग करता था

---

Question 3.
धनराज ने कब महसूस किया कि वह एक प्रसिद्ध व्यक्ति बन चुका है?
(a) जब उसको सरकार से मकान मिला।
(b) जब अखबार में खबर छपी कि हॉकी का प्रमुख सितारा लोकल ट्रेन में सफर करता है
(c) जब उसके पास गाड़ी आ गई
(d) जब राष्ट्रपति ने उसको सम्मानित किया

▼ Answer

Answer: (b) जब अखबार में खबर छपी कि हॉकी का प्रमुख सितारा लोकल ट्रेन में सफर करता है

---

Question 4.
धनराज को लोकल ट्रेन में सफर क्यों करना पड़ता था?
(a) ताकि बहन की शादी के लिए पैसा बचा सके
(b) ताकि लोग देख सके कि हॉकी खिलाडियों की क्या दुर्दशा है
(c) वह हॉकी फेडरेशन के प्रति ऐसा करके अपना आक्रोश प्रकट करता था
(d) वह अपने को अभी तक आम आदमी मानता था

▼ Answer

Answer: (a) ताकि बहन की शादी के लिए पैसा बचा सके

---

Question 5.
धनराज की माँ कहाँ रहती हैं?
(a) मणिपुर में
(b) मुम्बई में
(c) पुणे में
(d) गोवा में

▼ Answer

Answer: (c) पुणे में

---